की प्रचलित खानें निम्न स्थानों पर हैं:-

कम्पनी/खान	स्थान
खान का नाम	
I. भारत गोल्ड माइंस लिमिटेड	
(1) मैसूर चैम्पियन एकीकृत खान	कोलार गोल्ड फील्ड क्षेत्र, कोलार जिला कर्नाटक
(2) नन्दीदुर्ग खान	-वही-
(3) येप्पामाना खान	अनन्तपुर जिला, आंध्र प्रदेश
(4) चिगारमुंटा खान	चित्तूर जिला, आंध्र प्रदेश
(5) पुरानी बिसनाथम खान	-वही-
II. हट्टी गोल्ड माइंस कम्पनी लिमिटेड	
(1) हट्टी गोल्ड माइंस	रायचूर जिला, कर्नाटक

(ख) वर्ष 1990-91, 1991-92 और 1992-93 के दौरान देश में सोने का उत्पादन क्रमशः 2090 कि०ग्रा०, 2036 कि०ग्रा० और 1837 कि०ग्रा० हुआ।

(ग) और (घ) भारत गोल्ड माइंस लि० को अयस्क भंडारों के समाप्त होने, अयस्क ग्रेड में गिरावट आने और कम्पनी में अधिशेष कर्मचारी होने आदि कारणों से घाटा हो रहा है।

(ङ) मध्य प्रदेश में दो गवेषणों सहित, देश में स्वर्ण अयस्कों हेतु 41 स्थानों पर गवेषण कार्य किये गये हैं। फील्ड सत्र 1993-94 में किये गये गवेषण कार्यों का राज्यवार विवरण इस प्रकार है :

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण	खनिज गवेषण निगम लिमिटेड
कर्नाटक-9	कर्नाटक-1
आंध्र प्रदेश-7	आंध्र प्रदेश-2
केरल-3	केरल-1
राजस्थान-3	
मध्य प्रदेश-2	
महाराष्ट्र-2	
तमिलनाडु-2	
बिहार-2	
उड़ीसा-2	
उत्तर प्रदेश-2	
पश्चिम बंगाल-1	
हरियाणा-1	
पंजाब-हिमाचल प्रदेश-1	

मध्य प्रदेश के रायगढ़ और बस्तर जिलों में अब तक की गई खोजों से निम्न स्वर्ण खनिजीकरण का पता चला है, इसलिये क्षेत्र में ड्रिलिंग का कार्य रोक दिया गया है।

भारत एल्यूमिनियम कम्पनी (बालको) के सलाहकारों पर सेवानिवृत्त अधिकारियों की नियुक्ति

1157. **श्री अजीत जोगी** : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की भर्ती नीति के विरुद्ध भारत एल्यूमिनियम कम्पनी (बालको) में इस कम्पनी से सेवा निवृत्त कई अधिकारियों की नियुक्ति सलाहकारों के रूप में की गई है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) इन सलाहकारों के नाम क्या हैं और इन पर गत दो वर्षों के दौरान कितनी राशि खर्च की गई; और

(घ) इस अतिरिक्त खर्च में कमी करने के लिये क्या प्रयास किये जा रहे हैं ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) और (ख) भारत एल्यूमिनियम कम्पनी लिमिटेड ने सूचित किया है कि उन्होंने उपयुक्त व अनुभवी कार्मिकों के न मिलने के कारण अपने सेवानिवृत्त अधिकारियों को परामर्शदाता नियुक्त किया है।

(ग) वर्ष 1991-92 व 1992-93 के दौरान निम्नलिखित व्यक्तियों ने परामर्शदाता के रूप में कार्य किया है:-

1. श्री हरीकिशन
   परामर्शदाता (विपणन)
2. श्री आर.एल. पाल
   परामर्शदाता (वित्त)
3. श्री पी. सब्रामणियम
   परामर्शदाता (कार्मिक)
4. श्री पी.एस. गुप्ता,
   परामर्शदाता (वाणिज्यिक)
5. श्री वी. सुब्बा राव,
   परामर्शदाता (सतर्कता)

वर्ष 1991-92 और 1992-93 के दौरान इन परामर्शदाताओं पर क्रमशः 1,59,433/- रु० व 2,10,365 रु० खर्च किये गये हैं।

(घ) कम्पनी में फिलहाल एक ही परामर्शदाता कार्यरत है। खाली पद को नियमित आधार पर भरने के लिये प्रयास किये जा रहे हैं।

Exploration of Gold and Atomic Minerals

1158. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of MINES be pleased to state:

(a) whether the Mineral Exploration Corporation Ltd. (MECL) has made any progress in exploration of gold and atomic minerals in the country during the last three years; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV): (a) and (b) Yes, Sir. During the last three years the Mineral Exploration Corporation Ltd. (MECL) has conducted exploration for gold in Andhra Pradesh, Karnataka, Maharashtra and Bihar. It also rendered services to Atomic Minerals Division for exploration of atomic minerals in Andhra Pradesh, Bihar, Meghalaya, Himachal Pradesh, Haryana and Karnataka.

The details of drilling and exploratory mining carried out by MECL for gold and atomic minerals are given below:—

Year	GOLD		ATOMIC MINERLS	
	Drilling (in metres)	Mining	Drilling (in metres)	Mining
1990-91	4,859	1,174	20,038	233
1991-92	8,610	1,489	21,926	202
1992-93	7,523	995	12,831	399

The additional reserves of gold proved by MECL during above period are as Under :—

Name of the deposit	State/District	Reserves in m. tonne	grade g/t
Kunder Kocha	Singhbhum Distt. Bihar	0.008	13.11
Chiargunta Boundary Block . .	Chittoor Dist., Andhra Pradesh	0.516	4.34
Wondalli	Raichur Dist., Karnataka	0.469	2.76
Chigargunta III & IV . . .	Chittoor Dist., Andhra Pradesh	0.322	5.28
Gantallappa	Anantapur Dist., Andhra Pradesh	0.019	5.64
Ramgiri South Shaft Area . . .	Do.	0.082	4.85